# आयुर्स्वास्थ्य योजना

आयुष मंत्रालय वर्तमान में **आयुर्स्वास्थ्य योजना नामक एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना चला रहा है।**

## आयुर्स्वास्थ्य योजना:

- **परिचय:**
  - इसके दो घटक हैं:
    - **आयुष और सार्वजनिक स्वास्थ्य (AYUSH and Public Health- PHI):** आयुष हस्तक्षेप के माध्यम से विभिन्न सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों और सार्वजनिक स्वास्थ्य मुद्दों पर आयुष प्रणालियों की प्रभावशीलता को प्रदर्शित करने के लिये मूल रूप से योजना विकसित की गई है।
    - **उत्कृष्टता केंद्र में सुविधाओं का उन्नयन:** सरकारी और गैर-सरकारी दोनों क्षेत्रों में प्रतिष्ठित आयुष और एलोपैथिक संस्थानों में उन्नत/विशेष आयुष चिकित्सा स्वास्थ्य इकाइयों की स्थापना का समर्थन करना।
  - आयुष स्वास्थ्य योजना के उत्कृष्टता केंद्र घटक के तहत पात्र व्यक्तिगत संगठनों/संस्थानों को उनके कार्यों और सुविधाओं की स्थापना एवं उन्नयन और/या आयुष में अनुसंधान तथा विकास गतिविधियों के लिये वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।
- **वित्तपोषण:**
  - आयुर्स्वास्थ्य योजना के उत्कृष्टता केंद्र घटक के तहत किसी संगठन/संस्थान को दी जाने वाली**अधिकतम तीन वर्ष की अवधि के लिये अधिकतम स्वीकार्य वित्तीय सहायता राशि 10 करोड़ रुपए है।**

## आयुष से संबंधित अन्य योजनाएँ:

- **राष्ट्रीय आयुष मिशन:** मिशन देश में विशेष रूप से कमज़ोर और दूर-दराज़ के क्षेत्रों में आयुष स्वास्थ्य सेवाएँ/शिक्षा प्रदान करने हेतु राज्य/केंद्रशासित प्रदेश सरकारों के प्रयासों का समर्थन करके स्वास्थ्य सेवाओं में कमी को दूर करता है।
- **आयुष क्षेत्र का नया पोर्टल:** क्लिनिकल ट्रायल रजिस्ट्री ऑफ इंडिया (CTRI), रिसर्च मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम (RMIS), SAHI (आयुर्वेद ऐतिहासिक छापों का प्रदर्शन), AMAR (आयुष पांडुलिपि उन्नत रिपॉज़िटरी), और ई-मेधा (इलेक्ट्रॉनिक मेडिकल हेरिटेज एक्सेस) लॉन्च किये गए हैं।
- **आयुष उद्यमिता कार्यक्रम:** यह MSME मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के तहत देश में आयुष क्षेत्र को बढ़ावा देने हेतु आयुष मंत्रालय और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (MSME) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया था।
- **आयुष वेलनेस सेंटर:** AWC को मौजूदा सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली के साथ एकीकरण द्वारा निवारक, प्रोत्साहक, उपचारात्मक, पुनर्वास और उपशामक स्वास्थ्य देखभाल पर ध्यान केंद्रित करते हुए आयुष सिद्धांतों एवं प्रथाओं के आधार पर एक समग्र कल्याण मॉडल स्थापित करने के लिये लॉन्च किया गया है।

## स्रोत: पी.आई.बी.

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ayurswasthya-yojana